# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 14.09.2026 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

1. सीजीएल परीक्षा घोटाले में सीआइडी की बड़ी कार्रवाई, देवघर से दुमका पशुपालन विभाग का लिपिक गिरफ्तार।
2. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज मुंबई में अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन , राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी हिंदी दिवस की शुभकामनाएं।
3. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर देशवासियों को दी बधाई ,सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार की कामना की।
4. राज्य के कई हिस्सों में आज से अगले चार दिन बारिश और वज्रपात का पूर्वानुमान ,मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।
5. 21वीं मेजर ध्यानचंद सीनियर जिला हॉकी चैंपियनशिप में सीओई सिमडेगा ने जीता दोहरा खिताब ।

*********************

झारखंड संयुक्त स्नातक स्तरीय सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी कर अभ्यर्थियों को पास कराने के मामले में झारखंड सीआईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। सीआईडी की पांच सदस्यीय टीम ने देवघर पुलिस के सहयोग से रिखिया थाना क्षेत्र के बंधा बैजनाथपुर में छापेमारी कर पशुपालन विभाग के लिपिक सुधाकर कुमार को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तारी के बाद सीआईडी की टीम उसे ट्रांजिट रिमांड पर रांची ले गई है, जहां उससे गहन पूछताछ की जाएगी। छापेमारी के दौरान उसके पास से दर्जनों चेकबुक, कई लोगों के महत्वपूर्ण दस्तावेज, नकद रुपये समेत अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

*********************

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि 21 राज्यों में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकारें 2029 से पहले समान नागरिक संहिता–यूसीसी लागू करेंगी। मुंबई में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कई राज्यों में यूसीसी लागू हो चुकी है । उन्होंने कहा कि सरकार ने भारतीय न्याय संहिता के माध्यम से देश की आपराधिक न्याय प्रणाली को मजबूत किया है और दावा किया कि कई राज्यों में एक ही वर्ष में दोष सिद्धि दर के आंकड़ों में 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

*********************

आज देशभर में ह्रिदी दिवस मनाया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज नवी मुंबई में हिन्दी दिवस 2026 कार्यक्रम और छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में शामिल होंगे। श्री शाह, उद्घाटन सत्र के दौरान राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ष 2025–26 के राजभाषा गौरव और राजभाषा कीर्ति पुरस्कार भी प्रदान करेंगे।

*********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हिंदी दिवस की राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी हैं अपने संदेश में उन्होंने हिन्दी को जन–जन की भाषा बनाने की दिशा में भागीदारी का संकल्प लेने की अपील की।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 साल के सार्वजनिक जीवन और राष्ट्र सेवा को जन–जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने जमशेदपुर में एक महीने तक चलने वाले विशेष अभियान की तैयारी की है। इसके तहत अलग–अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जमशेदपुर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश महामंत्री और पूर्व मंत्री अमर बाउरी ने अभियान की जानकारी दी।

*********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि भगवान गणेश ज्ञान, समृद्धि और शुभ शुरुआत के प्रतीक हैं। गणेश चतुर्थी का त्योहार हमारे जीवन में ऊर्जा, ज्ञान और सकारात्मकता लाता है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर संस्कृत में सुभाषितम साझा करते हुए उन्होंने कामना की कि यह पवित्र त्योहार सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करे।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गढ़वा के आर.के.सी.एम. स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की छात्राओं काजल कुमारी और महालक्ष्मी केशरी द्वारा रक्षा बंधन पर भेजी गई हस्तनिर्मित राखियों के जवाब में आशीर्वाद पत्र भेजा। इस पत्र में मुख्यमंत्री ने इसे भाई–बहन के प्रेम का पावन पर्व बताते हुए छात्राओं के स्नेह के लिए आभार जताया और उनके परिवार की सुख–समृद्धि की कामना की।मुख्यमंत्री का पत्र मिलने पर विद्यालय की प्राचार्या ने इसे पूरे विद्यालय और जिले के लिए प्रेरणादायी बताते हुए आभार व्यक्त किया।

********************

झारखंड चेंबर कार्यकारिणी चुनाव में टीम तुलसी पटेल के 21 प्रत्याशियों में से 13 ने जीत हासिल की है। दूसरी टीम के 8 प्रत्याशी ही जीते। वहीं, तीसरी टीम पी–21 का एक भी सदस्य नहीं जीत सका। चुनाव जीते रोहित अग्रवाल ने कहा कि तुलसी पटेल ही नए अध्यक्ष होंगे और इसके औपचारिक घोषणा का इंतजार है,

********************

कोडरमा घाटी के मेघातरी कालीमंडा के समीप देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। दो टेलर के बीच हुई जोरदार टक्कर में एक टेलर चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा चालक केबिन में काफी देर तक फंसा रहा। इधर, घटना की सूचना मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव का कार्य चलाया।

********************

साहिबगंज जिले में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निरीक्षण, राहत एवं बचाव कार्यो को संचालित किया जा रहा है। उपायुक्त दीपक दुबे ने प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर जमीनी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक पदाधिकारी और कर्मी जरूरतमंद परिवारों तक आवश्यक राहत सामग्री पहुंचा रहे हैं।

********************

झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में 17 सितंबर तक गरज के साथ बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही लोगों से बारिश में खुले में नहीं जाने की अपील की है

********************

21वीं मेजर ध्यानचंद सीनियर जिला हॉकी चैंपियनशिप 2026 में सीओई सिमडेगा ने दोहरा खिताब जीता। पुरुष वर्ग में लिटिल टाइगर को 5–3 से हराकर लगातार दूसरी बार और महिला वर्ग में सीओई ए ने एसटीसी सिमडेगा को 5–3 से हराकर लगातार तीसरी बार चौंपियन बना। पुरुष में आदिवासी हॉस्टल ए और महिला में संत जेवियर बरवाडीह तीसरे स्थान पर रहे। हॉकी झारखंड के महासचिव मनोज कोनबेगी ने कहा कि इस प्रतियोगिता में कुल 58 टीमों ने भाग लिया।

********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने ब्रिक्स सम्मेलन की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

**प्रभात खबर** लिखता है– ब्रिक्स का एलान, ताकत नहीं, समान नियमों से चलेगी दुनिया।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है झारखंड चेंबर चुनाव में टीम तुलसी पटेल ने मारी बाजी, 13–8 से मिली जीत।

**दैनिक भास्कर** ने कतरास में भूधसान की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है ।

**हिन्दुस्तान** के शब्द हैं– रूस –यूक्रेन शांति वार्ता में मदद करेंगे भारत और चीन ।

*********समाप्त**********